Model Set - 2

Geography
A-GEOG (OPT)

समयः 3 घंटे 15 मिनट] [पूर्णांकः 70
Time: 3 Hours 15 Minute] [Marks: 70

परीक्षार्थी के लिए निर्देशः

Instruction to the candidate:

4. परीक्षार्थी यथासंभव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

   Candidates are required to give their answers in their own words as far as practicable.

5. दाहिनी ओर हाशिये पर दिये हुए अंक पूर्णांक निर्दिष्ट करते हैं।

   Figure in the right hand margin indicate full marks.

6. परीक्षार्थी प्रत्येक उत्तर के साथ भाग संख्या, याण्ड संख्या और प्रश्न संख्या अवश्य लिखें।

   Write Section number, Group number and Question number with every answer.

निर्देशः इस प्रश्न पत्र में दो भाग हैं, भाग –I एवं भाग –II। भाग –I में खण्ड – अ तथा भाग –II में खण्ड – ब तथा खण्ड – स है।

भाग –I: भाग –Iकेखण्ड – ब के प्रश्न वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं। इस खण्ड के प्रश्न संख्या 1 से 28 के प्रत्येक 1 अंक का है। सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

भाग –II: भाग –IIके सभी प्रश्न गैर–वस्तुनिष्ठ है। भाग –IIके खण्ड – ब के प्रश्न लघु उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी 12 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। भाग –II के खण्ड – स के प्रश्न दीर्घ उत्तरीय प्रकार के हैं। सभी 3 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न 6 अंक का है।

Instruction: This paper consists of two Sections, Section – I & II. Section – I consists of Group – A and Section – II consists of Group – B & Group – C.

Section – I: Group A of Section –I are Objective Type questions. In this group question No. 1 to 28 carry 1 mark each. Answer all questions.

Section – II: All question – Section – II are Non=Objective Type. Group –B of Section – B are Short Type Questions. Answer all the 12 questions. Each question carries 2 marks. Group – C of Section – II are Long Type Questions. Answer all 3 questions. Each question carries 6 marks.

भाग – 1

SECTION – 1

खण्ड – अ

Group – A

(वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

(Objective Questions)

II. निम्नलिखित प्रश्न संख्या 1 से 28 में चार विकल्पों में एक सही है। आपको सही विकल्प चुनना है: 28 x 1 = 28

From questions no. 1 to 28 there are four options of which one is correct. In each question you have to choose that correct option: 28 x 1 = 28

1. "एन्थ्रोपोज्योग्राफी पुस्तक के लेखक कौन है ?

(क) रेटजेल (ख) हटिंगटन
(ग) सेंपल (घ) जींस ब्रुन्स

Who is the author of the book Anthropogeography?
A. Ratzel B. Huntington C. Sample D. Jeans Bruhnes

2. भारत में जनगणना कितने वर्षो के अंतराल पर की जाती है ?

(क) 12 वर्ष (ख) 8 वर्ष
(ग) 10वर्ष (घ) 15 वर्ष

Census is conducted in India, at interval of
(a) 12 Years (b) 8 Years
(c) 10 Years (d) 15 Years

3. कृषि के निम्नलिखित प्रकारो में से किसमें मुख्यत रसदार फलों की खेती की जाती है?

(क) ट्रक फार्मिग (ख) बाजारी बागबानी
(ग) रोपण कृषि (घ) भूमध्यसागरीय कृषि

In which one of the following types of farming citrus fruits are mainly grown?
(a) Truck farming (b) Market Gardening
(c) Plantation farming (d) Meditarranean Agriculture

4. निम्नलिखित देषों में कौन सा आसियान (ASEAN)का सदस्य देश है ?

(क) बांग्लादेश (ख) ब्राजील
(ग) ब्रुनेई (घ) मेक्सिको

Which one of the following contries is a member of ASEAN?
(a) Bangladesh (b) Brazil
(c) Brunei (d) Mexico

5. निम्नलिखित में से कौन संसार की सबसे बडी नदी है ?

(क) नील (ख) गंगा
(ग) आमेजन (घ)ह्वांग्हो

Which one of the following is the largest river of the world?
(a) Nile (b) Ganga

(c) Amazon (d) Hwang-Ho

6. निम्नलिखित में से कौन सा नगर गंगा नदी का प्रमुख प्रदूषक हैं?

(क) हरिद्वार (ग) वाराणसी

(ख) कानपुर (घ) बक्सर

Which one of the following city is the main polluter of Ganga a river?

(a) Haridwar (b) Kanpur

(c) Varanasi (d) Buxar

7. किंबरले क्यो विश्वविख्यात है?

(क)सोना (ख) चाँदी

(ग) हीरा (घ) प्लैटिनम

Kimberley is famous for what

(a) Gold (b) Silver

(c) Diamond (d) platinum

8. किस अवस्था तक मानव शैशवकाल की अवस्था में रहता है ?

(क) 15 वर्ष (ख) 15–25 वर्ष

(ग) 25–60 वर्ष (घ) 60 वर्ष से अधिक

Up to what age the human beings are in the periodof Infancy?

(a) 15 years (b)15-25 years

(c) 25-60 years (d) More than 60 years

9. निम्नलिखित में से किस देश में मानव विकास का स्तर ऊचा नही है?

(क) नार्वे (ख) जिबूती

(ग) जापान (घ) मिस्त्र

In which one of the following countries the level of development is not high?

(a) Norway (b) Djibouti

(c) Japan(d) Egypt

10. प्रति वर्ग किलोमीटर में रहने वाले लोगों की संख्या को जनसंख्या .... कहते हैं।

(क) जन्मदर (ख)मत्युदर

(ग) घनत्व (घ) प्रवास

The number of people residing in per square kilometer is called …….. of population.

(a) Birth rate (b) Death rate

(c) Density (d) Migration

11. निम्नलिखत देशों में से किसमें सर्वाधिक लिंग अनुपात पाया जाता हैं?

(क) जापान (ख) लाटविया

(ग) जर्मनी (घ) फ्रांस

Which one of the following countries has the highest sex ratio in the world.

(a) Japan (b) Latvia

(c) Germany (d) france

12. रूस के टुंड्रा भाग में रहने वाली आदिम जाति इनमें से कौन है?

(क) बेदा (ख) किकयू

(ग) याकूत (घ) गोचू

Which one of the following tribe is lived in tundra region of Russia?

(a) Bedda (b) Kikiyu

(c) Yakoot (d) Gauchu

13. वर्ल्ड वाइड वेब (WWW) के अविष्कारक कौन है?

(क) रे–टोमलिंसन (ख)जॉन बार्जर
(ग) टिम–बर्नस–ली(घ) विंट सर्फ

Who has invented world wide web (www) ?

(a) Ray Tomlinson (b) John Borjer

(c) Tim berns li (d) Wint Sirf

14. स्वेज नहर का निर्माण कब हुआ?

(क) 1869 (ख) 1859
(ग) 1879 (घ) 1849

When wassuez canal built?

(a) 1869 (b) 1859
(c) 1879 (d) 1849

15. निम्नलिखित में से कौन प्रथम भारतीय उपग्रह हैं?

(क) आर्यभट्ट (ख) भास्कर
(ग) रोहिणी (घ) एप्पल

Which one of the following is the first IndianSattelite?

(a) Aryabhatt (b) Bhaskar
(c) Rohini (d) Apple

16. एशिया की सबसे बडी मलिन बस्ती धारावी कहाँ स्थित है?

(क) म्यामांर (ख) इन्डोनेशिया
(ग)भारत (घ) श्रीलंका

Where is Asia's largest slum Dharawisituated -

(a) Myanmar (b)Indonesia

(c) India (d) Sri Lanka

17. निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में प्राचीनतम सुविकसित नगर पाए गए है?

(क)हांगहो (ख) सिंधु
(ग) नील नदी घाटी (घ)मेसोपोटामिया

In which one of the following area ancient planned townsarefound?

(a) Hwangho (c) Indus river valley

(b) Nile River (d) Meropotanua

18. ब्लाश निम्नलिखित में से किस भौगोलिक अवधारणा से संबधित है?

(क) नियतिवाद (ख) संभववाद
(ख) नव नियतिवाद (घ) इनमें से कोई नहीं

Which one of the following gegrphical concept is relaed to Blache?

(a) Determinism (b)Possibilism

(c) Neo- determinism (d) None of these

19. निम्नलिखित में से कौन शैक्षिक नगर है?

(क) सलेम, (ख) कटनी
(ग) रूडकी (घ) मुगलसराय

Which one of the following is educational town?

(a) Salem (b) Katni
(c) Roorki (d) Mughalsarai

20. भारत के जलोढ मिट्टी के क्षेत्रों में किस प्रकार की बस्तियों की प्रमुखता पायी जाती है?
(क) गुच्छित बस्तियॉ (ख) अर्द्धगुच्छित बस्तियॉ
(ग) बिखरी बस्ती (घ) इनमे से कोइ नही
Which type of settlement is mainly found in the alluvial soil region of India
(a) Compact settlement (b) Semi- Compact
(c) Scattered (d) None of these

21. भारत का सबसे बडा तेलशोधन कारखाना कहाँ है?
(क) जामनगर (ख) मथुरा
(ग) बरौनी (घ) हल्दिया
Where is India's largest oil refinery?
(a) Jamnagar (b) Mathura
(c) Barauni (d) Haldia

22. हेमेटाइट अयस्क से किस धातु का उत्पादन होता है?
(क) तांबा (ख) लोहा
(ग) मैगनीज (घ) बांक्साइट
Which metal is produced from haemetite ore ?
(a) Copper (b) Iron ore
(c)Manganese (d) Bauxite

23. भारत का हुगली औद्यौगिक प्रदेश किस राज्य में स्थित है?
(क) प॰ बंगाल (ख) कर्नाटक
(ग) तामिलनाडु (घ)झारखण्ड
In which state of India Hugli industrial region is situated?
(a) West Bengal (b) Karnataka
(c) Tamil Nadu (d) Jharkhand

24. राष्ट्रीय विकास परिषद का अध्यक्ष कौन होता है?
(क) राष्ट्रपति (ख) प्रधानमंत्री
(ग) मुख्यमंत्री (घ) इनमे से कोइ नहीं
Who is the chair man of National Development Council (NDC) ?
(a) President (b)PrimeMinister
(c) Chif Minister (d) Home Minister

25. निम्नलिखि में से कौन भारत का सबसे बड़ा पत्तन है?
(क) हल्दिया (ख) पारादीप
(ग) मार्मागाओ (घ) मुंबई
Which one of the following is the largest port of India?
(a) Haldia (b) Paradip
(c) Marmagao (d) Mumbai

26. भारतीय रेल प्रणाली को कितने मंडलो में विभाजित किया गया है?

(क) 09 (ख)17

(ग) 12 (घ) 14

In how many zones Indian Railway has been divided?

(a) 09 (b) 17

(c) 12 (d) 14

27. निम्नलिखित में से किस गैस को लाफिंग गैस के नाम से भी जाना जाता है?

(क) NO_2 (ख) SO_2

(ग) CO_2 (घ)H_2S

Which one of the following gas is also known as 'Laughing Gas'?

(a) NO_2 (b) SO_2

(c) CO_2 (d) H_2S

28. वायुमंडल मे कार्बन डाइ ऑक्साइड गैस की मात्रा बढने का परिणाम है।

(क) भूमंडलीय तापमान में वृद्धि (ख)वायु प्रदुषण

(ग)बाढ़ और सूखे का बढ़ना (घ) इनमें से सभी

Increasing amount of CO_2 gas in the atmorphere results?

(a) Rise in global temperature (b) Air Polition

(c) Growing flooding and drought (d) All of these

भाग –II

SECTION – II

(गैर–वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

(Non-Objective Questions)

खण्ड – ब

Group – B

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

(Short Answer Questions)

प्रश्न संख्या 1 से 12 तक लघु उत्तरीय है। सभी 12 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 2 अंक निर्धारित है। 12 x 2 = 24

Questions no. 1 to 12 are short answer type. Answer all the 12 questions. Each question carries 2 marks 12 x 2 = 24

1. भारत के बच्चो में घटते लिंगानुपात के दो कारणो को स्पष्ट करें।

Clasify the two reason of decreasing sex ratio of Indian children.

2. भारत के सभी पत्तन व्यापारिक नगर है? कैसे?

All the ports of India is commercial trade city How? Explain it?

3. बहुउदेशीय नदी घाटी योजनाओं से क्या लाभ है?

What is the benefit of multi purpose river Project?

4. आयात और निर्यात से आप क्या समझते है? भारत से आयातित और निर्यातित वस्तओं के नाम लिखे?

What do you mean by export and import? Write the name of exportedand imported items of India.

5. जनसंख्या परिवर्तन होने के किन्ही तीन कारणों का उल्लेख करें?

Mention any three reasons of change in population

6. उपग्रह संचार क्या है?

What is satellite commumication?

7. कुटीर उद्योग एवं लघु उद्योग में अंतर स्पष्ट करें?

Clasify the difference between cottage industry and small scale industry?

8. आकृति के आधार पर ग्रामीण बस्तियो का वर्गीकरण प्रस्तुत करे?

Present the classification of Rural settlement on the basis ofshape?

9. साझा संपत्ति संसाधन से आप क्या समझते है?

What do you mean by common properly resource?

10. राष्ट्रीय महामार्ग की संक्षिप्त टिप्पणी लिखे?

Write short notes on National highway ?

11. अनुदान क्या है?

What are subsidies?

12. स्माँग किसे कहते है?

What is Smog?

खण्ड – स

Group – C

(दीघ्र उत्तरीय प्रश्न)

(Long Answer Questions

प्रश्न संख्या 13 से 15 दीघ्र उत्तरीय है। सभी 3 प्रश्नों के उत्तर दें। प्रत्येक प्रश्न के लिए 6 अंक निर्धारित है। 3 x 6 = 18

Questions no. 13 to 15 are long answer type. Answer all the 3 questions. Each question carries 6 marks 3 x 6 = 18

13- भारत में कोयला उत्पादन एवं वितरण का वर्णन कीजिए?

Describe the production and distribution of coal in India

अथवा(or)

परिवहन एवं संचार सेवाओ के महत्व का सविस्तार वर्णन कीजिए। Describe the importance of transport and communication services?

14. भारत में कपास के उत्पादन एवं वितरण को स्पष्ट कीजिए। Explain the production and distribution of cotton.

अथवा (or)

संभववाद की संकल्पना का परीक्षण कीजिए।

Examine the concept of possibilism?

15. उपयुक्त उदाहरण के साथ नगरो का प्रकार्यात्मक वर्गीकरण कीजिए।

Classify of function classification of town with suitableexamples.

अथवा (or)

भारत का मानचित्र बनाकर निम्नलिखित को प्रदर्शित करें:–

(क) रायपुर (ग) बरौनी

(ख) कांडला (घ) गांधिनगर

(ड) गाजियाबाद (च) डिगबोइ

Draw a map of India and show the following .

A.Raipur C.Baraunic

B.Kandla D.Gandhinagar

E. Ghaziabad F. Digboi

उत्तरमाला

Answers

1	A	8	A	15	A	22	B
2	B	9	B	16	C	23	A
3	D	10	C	17	C	24	B
4	B	11	B	18	C	25	D
5	C	12	C	19	C	26	B
6	B	13	C	20	A	27	A
7	B	14	A	21	A	28	A

Answer

Short Answer Type Questions

1. भारत के बच्चों में घटते लिंगानुपात के दो कारण निम्नलिखित है:–

   1:– भ्रूण हत्या

   2:–पुरूष प्रधान समाज

2. व्यापारिक नगर वे हे जो आर्थिक क्रियाकलाप के केंद्र होते है। भारतीय पत्तन भी विशाल भाषा मे घरेलू के साथ–साथ विदेशी व्यापार का निपटान कर रहे हूँ। अधिकतर पतन आधुनिक अवसंरचना से लेस हे। वे सङक और रेलमार्गो से जुङे है। इसलिए भारत के सभी पतन व्यापारिक नगर हे।

3. नदी घाटी परियोजनाए न केवल हमारे मनोरंजन एवं पयर्टन के उपयुक्त क्षेत्र है बल्कि यह अनेक उद्येश्यों की पूर्ति करती हें इसलिए इसे बहुउद्येशीय नदी घाटी परियोजनाएँ कहते हैं। जैसे दामोदर घाटी , भाखङानांगल, हीराकुड , कोसी, रिंहद, मयूराक्षी , तुगभद्रा, नागार्जुनसागर चंबल और गंडक बहुउद्येशीय नदी घाटी परियोजनाएँ, यह परियोजनाएँ निम्नलिखित उद्देश्यों की पूर्ति करती है:–
   1. आस–पास के क्षेत्रों मे सिंचाई सुविधा प्रदान करती है।
   2. बाढ. नियंत्रण करती है।
   3. संस्ती बिजली उत्पन्न करती है। मतस्य उद्योग का विकास इनके द्वारा होता है।

4. जब बाहर से कोई सामान देश मे मंगाया देश मे मंगाया जाता है तो इस क्रिया को आयात कहते है। जब कोई वस्तु दूसरे देश या विदेशी बाजार मे बेची जाती है तो इसे उस वस्तु का निर्यात कहते है। भारत मे आयातित तथा निर्यात कहते है। भारत मे आयातित तथा निर्यातित वस्तुओं का उदाहरण निम्नलिखित है:–

आयातित वस्तुएँ	निर्यातित वस्तुएँ
1. खनिज तेल,	1. सूती वस्त्र
2. मशीनरी	2. आभूषण और हीरे–जवाहरात
3. मोती	3.कृषि उत्पाद
4. सोना और कीमती रत्न	4.रासायनिक उत्पाद
5. उर्वरकु,रसायन	5.इंजीनियरिगं
6 अलौह धातुएँ	7 .चर्म उत्पादऔर खनिज
8. कृत्रिम रेशे	9.चाय

5. जनसंख्या में परिवर्तन के तीन कारण है:–
   1. जन्म
   2. मृत्यु
   3. प्रवास

   जब किसी क्षेत्र में जन्म लेने वाले तथा मरने वाले लोगो की सख्या बढ. या घट जाए तथा बाहर से बङी संख्या में लोग आकर बस जाएं या अपने क्षेत्र को छोङकर बाहर चले जाए तो जनसंख्या में परिवर्त्तन होता है।

6. उपग्रह के माध्यम से होने संचार को उपग्रह संचार कहा जाता हूँ। इसके द्वारा तकनीकी के क्षेत्र में एक नवीन युग का आंरभ हुआ है। पृथ्वी की कक्षा में कृत्रिम उपग्रहों कके सफलतापूर्वक प्रेक्षण के कारण ग्लोब के उन दुर स्थित भागों को जोड़ा गया जिनका यथास्थान सत्यापन सीमित था।

7. कुटीर उधोगों और लद्यु उधोगों में अंतर का आधार हैं। तकनीक और कार्यस्थल लद्यु उधोगों में उर्जाचलित आधूनिक मशीनों का उपयोग होता है। जबकि कुटीर
   उधोग में साधारण उपकरणों से छोटे–छोटे सामान बनाएँ जाते है। कुटीर उधोग के उदाहरण है – अचार , चटनी , पेय , नमकीन , पावरोटी , चटाइयाँ, बर्त्तन इत्यादि जबकि लधु उधोगों के उदाहरण है। – रेडिमेड कपडे , खिलौने , कढ़ाई दरी इत्यादि

8. आकृति के आधार पर बस्तियों को निम्नलिखित चार प्रकारों में विभाजित किया जा सकता है।

1. गोलाकार या वृताकार बस्तियाँ
2. रैखिक या रेखाकार बस्तियाँ
3. चौकोर या आयताकार बस्तियाँ
4. सीढ़ीनुमा बस्तियाँ

9. साझा संपति संसाधनों को सामुदायिक प्राकृतिक संसाधन भी कहा जा सकता है जहाँ सभी सदस्यों को इसके उपयोग का अधिकार होता है तथा किसी विशेष के संपति अधिकार न होकर सभी सदस्यों के कुछ विशेष कर्त्तव्य भी है। सामुदायिक वन , चारागाह , ग्रामीण जलीय क्षेत्र तथा अन्य सार्वजनिक स्थान साझा संपति संसाधन के उदाहरण है। जिसका उपयोग एक परिवार से बड़ी इकाई करती है। तथा यही उसके प्रबंधन के उच्च दायित्वों का निवर्हन करती है।

10. राजमार्ग महामार्ग दुरस्थ स्थानों को जोड़ने वाली पक्की सड़के होती है। इनका निर्माण इस प्रकार से किया जाता है कि अबाधित रूप से यातायात का आवागमन हो सके। इसकी चौड़ाई 60 या 80 मीटर तक रखी जाती है।

11. अनुदान सरकार द्वारा किसी उधोग के विकास के लिए दिया जाने वाला कर में छूट है जिससे विकास का मार्ग प्रशस्त हो सके। इससे देश में माल का मूल्य कम रहता है और सस्ता होने के कारण उसका विक्रय बढ़ता है इससे उत्पादन में वृद्वि होती ळें

12. धुल , धुआँ , और कहरा के मिश्रित रूप को(धुऑसा) कहते है। शीतल और नम जलवायू के स्थानों में और शहरों के पास इसका होना सामान्य धटना है। नाइट्रोजन के ऑक्साइड , कार्बनिक यौगिकों के अणु और ओजोन से युक्त यह स्मॉग बहुत हानिकारक है। इससे ऑख , नाक , गले , फेफड़े , और हदय , की बीमारीयॉ फैलती हैं।
वर्तमान समय में स्मॉग दिल्ली की प्रमुख समस्या बनी हुई है। जिसके कारण खेतों के अधकट फसलों को जलाया जलाया जाना, सीमेंट उधोग से निकलने वाले धूलकन तथा वाहनों के धुएँ है।

दीघ्र उत्तरीय प्रश्न के उत्तर
(Long Answer Type Question Answer)

13. भारत में 2014–15 तक कोयले का कुल भंडार 29 करोड़ टन (290 million tons)है । वार्षिक कोयला का उत्पादन 60 लाख टन है। भारत में कोयला के कुल निक्षेपों का 80 प्रतिशत भाग बिटुमिनस प्रकार का है। कोयला उत्पादन में चीन और अमेरिका के बाद भारत का विश्व में तीसरा स्थान है। कुल विधुत उत्पादन में कोयले का योगदान लगभग 70 प्रतिशत है।

वितरण :– भारत में प्राप्त कोयला दो भूगार्भिक युगों में निर्मित है।

1. गोडवाना युगीन कोयला
2. टर्शियरी युग (तृतीय कल्प) का कोयला

1. गोडवाना युग का कोयला – भारतीय कोयला का 98% भाग गोडवाना युगीन कोयला है। यह भारत के निम्न क्षेत्रों में पाया जाता है।
    1. दामोदर धाटी कोयला क्षेत्र – यह भारत का सबसे प्रमुख कोयला क्षेत्र है। इसमें भारत का सर्वाधिक बड़ा कोयला उत्पादन राज्य झारखड़ स्थित है जो भारत के कुल उत्पादन का 38 प्रतिशत उत्पादन करता है । इसकी खानों में सबसे झरिया (50 प्रतिशत) है। इसके अतिरिक्त गिरिडिह कर्णपूरा , रामगढ़ बोकारों , धनबाद , पलामु है।
    2. महानदी धाटी क्षेत्र – इसके अंतर्गत उड़ीसा , छतीसगढ़ ,

तेलागाना राज्य शमिल है। उड़ीसा भारत का दूसरा बड़ा कोयला उत्पादक राज्य है जहाँ सर्वाधिक तालचर की खान से होता है। छतीसगढ़ में उमरिया , सिगरौली , चिरमिरी , प्रमुख खाने है। तेलंगाना में अदिलाबाद, करीमनगर, वारंगल, नन्दूर, सिंगेरनी प्रमुख है।

3. सतपुड़ा कोयला क्षेत्र : – इसके अन्तर्गत छतीसगढ़ के महोपानी कोरबा, तथा पेंचधारी है।
4. गोदावरी धाटी क्षेत्र – आन्द्र प्रदेश को गोदावरी जिला
5. सोनधाटी कोयला क्षेत्र – मध्य प्रदेश
6. राजमहल –झारखंड – इसके अन्तर्गत ललमटिया प्रमुख खान है।

टर्शियटी काल का कोयला क्षेत्र :–

1.उत्तर–पूर्वी भारत
2.दार्जिलिग क्षेत्र
2. जम्मु–कश्मीर कोयला क्षेत्र

इसके अतिरिक्त भारत में लिग्नाइट कोयला पाया जाता है । जिसके निम्न प्रमुख क्षेत्र है।

1. तमिलनाडु – यहाँ लिग्नाइट कोयला का सबसे बड़ा भंडार है यहाँ मुख्ततः दक्षिणी आर्कट जिले के नेवेली क्षेत्र से लिग्नाइट कोयला निकाला जाता है।
2. राजस्थान – यहाँ बीकानेर (पलना) जयपुर एवं जोधपुर से उत्पादन किया जाता है।

अथवा

उत्तर :– यातायात एवं संचार के साधनों को किसी देष की जीवन रेखाएँ कहा जाता है। यातायात एवं संचार के साधन एक दूसरों के पूरक है परन्तु संचार साधनों का महत्व अधिक है ष्ंति के दिनों में इनसे काफी लाभ होता है। परन्तु दुर्धटनाओ प्राकृतिक प्रकोपों तथा मानवीय संधर्ष के समय तो इनका महत्व और बढ़ जाता है। इनसे सांस्कृतिक एकता का विकास होता है । इसके कई लाभ है जैसे–

इनके द्वारा देश के दूर–दूर के क्षेत्रों को एक दूसरें के साथ मिला दिया गया है ।

1. इनके द्वारा बडी संख्या में यात्रियों को बहुत थोडे समय में बडे आरामदायक दंग से दूर स्थित स्थानों पर पहूँचाया जाता है।

2. इनके द्वारा हजारें टन सामान और विविध सामग्री देश के एक भाग से दूसरें भाग तक ले जायी जाती है जिससे लोगों अनेक प्रकार की कठिनाइयों का अन्त होता है।

3. रक्षा सेनाओं की सहायता हथियारों , गोलाबारूद , तथा भोजन की व्यवस्था के रूप में करता है।

5. प्राकृतिक आपदा जैसे भूकम्प , ज्वालामुखी , सूनामी, बाढ़ , सूखा तथा भू–स्खलन की स्थिति में तो यातायात एवं संचार के साधनों का महत्व और अधिक बढ़ जाता है और देश एकता के सूत्र में बॉधकर दवा से लेकर रसद तक की सेवा में उपस्थित हो जाता है। बढ जाता है और देश एकता के सूत्र में बॉधकर दवा से लेकर रसद तक की सेवा में उपस्थित जो जाता है

6. यातायात एवं संचार के साधन राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की जीवन रेखाएँ है।

7. समाचार पत्र और पत्रिकाएँ भी संचार के साधन है इनके माध्यम से देश विदेश की ताजा धटनाओं की सूचनाएँ मिलती है

8. कम्प्युटर तथा इंटरनेट ने इन सुविधाओं के महत्व को अधिक विश्वसनीय और सरल बना दिया है

''सेतू भारत्म परियोजना'' 4 मार्च 2016 से यातायात और सूचना संचार को तेजी से विकसीत ज्याद करने पर बल दे रही है जो इसके महत्व को और विकसित कर देगा

14. कपास एक रेशा है जो उष्ण कटिबंधीय फसल है इसका उत्पादन काली मिट्टी के क्षेत्रों में खरीफ ऋतु में की जाती है। भारत छोटे रेशे वाली (भारतीय) और लम्बें रेशे वाली (अमेरिका) दोनो प्रकार की कपास का उत्पादन करता है। भारत कपास के उत्पादन में चीन और अमेरिका के बाद तीसरा स्थान रखता है। भारत के कुल कृषित भूमि 4.7 प्रतिशत भाग पर कपास पैदा करती है भारत का वस्त्र उद्योग कपास पर ही निर्भर है (56प्रतिशत)

उत्पादन एवं वितरण :– कपास के प्रमुख उत्पादक क्षत्रों है

(1) गुजरात के मैदानी भाग एवं काठियावाड़ क्षेत्र
(2) महाराष्ट्र में पश्चिमी धाट के पूर्व में पठारी प्रदेश
(3) पश्चिमी मध्यप्रदेश और नर्मदा धाटी
(4) दक्षिण कर्नाटक और पश्चिमी आंधप्रदेश

(5) दक्षिण तमिलनाडू
(6) पंजाब ,हरियाण और पश्चिमी उत्तरप्रदेश

14. कपास के 10 बड़े उत्पादक राज्यों का उत्पादन 2013–14 में निम्न है

देश का उत्पादन कम	राज्य	उत्पादन (000Bales में) 1 बेल 217.7 किलो ग्राम
1	गुजरात	8850
2	महाराष्ट्र	7655
3	आंध्रप्रदेश	7350
4	हरियाणा	2500
5	मध्यप्रदेश	2200
6	पंजाब	2000
7	राजस्थान	1400
8	कर्नाटक	1255
9	तमिलनाडू	500
10	उड़िसा	400

अथवा(or)

संभवाद की विचारधारा का सिद्धांत यह है कि वातावरण के द्वारा कुछ सम्भावनायें प्रस्तुत की जाती है और मानव अपनी पसंद के अनुसार उनका चुनाव कर सकता है और चाहे तो नही कर सकता। इस विचारधारा के प्रर्वतक और समर्थक विडाल डी– ला– ब्लॉश फैब्रे, ब्रूंज एवं कार्लसावर है। इस विचारधारा का जन्म और विकास फ्रांस में हुआ था इसलिए इसे भूगोल की फ्रांसीसी विचार धारा भी कहतें है

सम्भववाद शब्द का प्रयोग सबसे पहले फैब्रे ने किया था ब्लाश ने बतलाया था कि प्रकृति के द्वारा कुछ सम्भावनाएँ प्रस्तुत की जाती है इन संभावनाओं के भीतर अपनी आवश्यकताओं रूची और क्षमता के अनुसार चयन (छांट choice) करता है। इस मानवीय छांट के अनुसार किसी क्षेत्र या प्रदेश के साथ वहॉ का मानव समाज अपना सामंजस्य स्थापित करता है

फैब्रे ने प्राकृतिक वातावरण की अपेक्षा मनुष्य के कार्यो को प्राथमिक स्थान दिया है किसी प्रदेश की स्थिति और जलवायू से अधिक महत्वपूर्ण मानव को बतलाया है और लिखा है कि मानव प्रकृति द्वारा प्रस्तुत की गयी सम्भावनाओं का स्वामी होता है तथा उनके प्रयोग का निर्णायक होता है

अमेरिकन भूगोलवेत्ता ईसा बोमेन ने भी इस बात का समर्थन दिया है कि प्राकृतिक वातावरण मानव समाज के रूप निश्चित नहीं करतें बल्कि मनुष्य को नये प्राकृतिक तथ्य मालूम होते रहते है वर्तमान में मानव विज्ञान एवं तकनीक की मदद से संपूर्ण संभावना को खोज लिया है

अर्थात बोमेन ने ठीक ही कहा था कि वातावरण के भौगोलिक तथ्यों मानव वर्ग के सम्पर्क से परिवर्तनशील हो जाते है जिस प्रकार की मानवता स्वय भी परिवर्तन करती रहती है।

15. नगरों का उदभव विकास तथा अस्तित्व उसके विशेष कार्यो के द्वारा होता है तथा ये नगर विशेषीकृत सेवाओं का निष्पादन करते है फिर प्रत्येक नगर कई प्रकार के कार्य करते है लेकिन जो उनमें सबसें प्रमुख कार्य अथवा सेवाएं होती है इसी आधार पर नगरों का प्रकार्यात्मक वर्गीकरण किया गया है जैसें:–

1.औद्योगिक नगर – विश्व के जिन नगरों का उद्भव विकास तथा अस्तित्व विभिन्न वस्तु निर्माण तथा औद्योगिक प्रकियाओं पर आधारित होता है उन्हे औधोगिक नगर कहा

जाता है नगर की अधिकतम जनसंख्या औधोगिक कार्य में लगी होती है जैसें – बर्मिधम (लौह इस्पात उद्योग) डेट्रायट मोटर कार गोर्की मास्कों (इंजीनियरिंग उद्योग (रूस) अहमदाबाद (सूतीवस्त्र)

2. व्यापारिक नगर – विभिन्न व्यापारिक तथा वाणिज्य वस्तुओं के थोक तथा फूटकर व्यापार की दृष्टि से विकसित नगर व्यापरिक नगर कहलातें है जैसे – न्यूयार्क लंदन हांगकांग मुम्बई कोलकता

3. परिवहन नगर विभिन्न परिवहन मार्गों के मिलन बिन्दु पर या यातायात मार्ग पर विकसित नगर परिवहन नगर कहलातें है ये अधिकतर आयात और निर्यात कार्यों में संलग्न रहतें है जैसे कांडला, कोच्चि, शिकागो, पेरिस, मास्को।

4. प्रशासकीय नगर जिन नगरों का विकास किसी देश या प्रान्तीय राजधानी के रूप में होता है तथा जहॉ सरकारी कार्यालयों की प्रधानता पायी जाती है प्रशासकीय नगर कहलातें है नई दिल्ली, वाशिंगटन, लंदन आदि।

5. खनन नगर विश्व में जिन नगरों का विकास किसी खनिज पदार्थ की प्राप्ति के पास होता है खनन नगर कहलातें है
जैसें :– आस्ट्रेलिया का कालगूर्लीनगर (सोना प्राप्ति के कारण)
रानीगंज , झरिया बोकारों (कोयला)

इसी प्रकार धार्मिक नगर मक्का मदीना प्रयाग काशी, सैन्यनगर –(छावनी नगर गैरिसन नगर) मेरठ दानापुर सिंगापुर, शैक्षिक नगर ऑक्सफोर्ड कैम्ब्रिज इत्यदि नगरों का विकास कार्यो के आधार पर हुआ है।